तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 राह आसान होने के बाद तेजी से चल रही पेड़ों की कटाई








## खबर संक्षेप

### आवासीय खेल अकादमी रायपुर में प्रवेश हेतु आवेदन 10 तक

**अम्बिकापुर**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी, तीरंदाजी तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित की जाने वाली आवासीय खेल अकादमी फुटबॉल एवं एथलेटिक्स बालक-बालिका का खेल अकादमी में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। जिले के इच्छुक खिलाड़ी आयु वर्ग 13 वर्ष से 17 वर्ष तक के खिलाडियों को 10 अप्रैल तक कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं कल्याण सरगुजा में संबंधित खेल के उच्च स्तरीय खेल प्रमाण पत्र के साथ अपना जन्म प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, मार्कशीट जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज की नवीनतम फोटो के साथ पंजीयन करा सकते हैं तथा विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### जिला अस्पताल में हुई ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति

**सूरजपुर**। जिला चिकित्सालय सूरजपुर में डॉ. राजेश एमबीबीएस, एमएस (ईएनटी) नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति जिला चिकित्सालय में हुई है। जिले के नाक, कान, गला रोग से संबंधित मरीजों को जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक 59 में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना कार्यक्रम 10 से प्रारंभ

**सूरजपुर**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 10 से 13 अप्रैल तक उज्जैन, ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर तीर्थ दर्शन किया जाना है। तीर्थ दर्शन योजना छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, विधवा, परित्यक्त महिलाओं को तीर्थ दर्शन करायी जायेगी। अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार कर तीर्थ दर्शन में दिए गए दिशा-निर्देश के अनुरूप पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को प्राथमिकता देते हुए पात्रतानुसार चयन कर आवेदन पत्र भर कर आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर 6 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग में प्रतीक्षा सूची सहित जमा करायें। पूर्व में भेजे गये तीर्थ यात्रियों का चयन किसी भी स्थिति में प्रस्तावित नहीं किया जायेगा।

सेमरसोत अभयारण्य अंतर्गत ग्राम घुघरा की घटना

# बलरामपुर में दंतैल ने लगातार चौथे दिन पटक कर ली ग्रामीण की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- चार ग्रामीण कर रहे थे मक्के की फसल की रखवाली
- अलग-अलग क्षेत्रों में चार दिनों से हाथी ले रहा ग्रामीणों की जान

बलरामपुर जिले में दंतैल के हमले से ग्रामीणों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन परिक्षेत्र शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम जिगड़ी जंगल में महुआ बीन रही महिला को कुचलकर जान लेने वाला दंतैल रातों रात सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत कंदौरा रेंज अंतर्गत ग्राम घुघरा पहुंच गया तथा मक्का के फसल की रखवाली कर रहे ग्रामीण की कुचलकर जान ले ली। चार दिनों के भीतर दंतैल के हमले में मौत की यह चौथी घटना है।

झारखंड में भ्रमण कर रहे हाथियों के दल से अलग होकर बलरामपुर वनमंडल के जंगल पहुंचा दंतैल काफी खतरनाक हो गया है। वह लगातार दिन-रात तेज गति से इधर-उधर भ्रमण कर रहा है। आक्रामक दंतैल दिन में भी जंगल से बाहर निकल जा रहा है तथा आदमी को देखते ही उसपर हमला बोल दे रहा है। दंतैल ने बुधवार को जिगड़ी जंगल में महुआ बीन रही कोरवा समुदाय की महिला की सुबह 6 बजे कुचलकर जान ले ली थी। महिला को कुचलने के बाद दंतैल लंबे समय तक आसपास के जंगल में घूमता रहा तथा शाम होते ही राजपुर जंगल की ओर अग्रसर हो गया। इस दौरान वन अमला दंतैल की ट्रेकिंग भी कर रहा था। दंतैल के सेमरसोत अभ्यारण्य की ओर जाने की संभावना पर अभ्यारण्य क्षेत्र का अमला भी मौजूद था। दंतैल राजपुर जंगल के रास्ते रात्रि 1 बजे बठौरा चौक और तड़के 5 बजे अभ्यारण्य क्षेत्र कोदौरा घुघरा बीट में दाखिल हो गया। दंतैल जंगल से निकलकर घघरा बस्ती में दाखिल हो गया। इधर ग्राम घुघरा के चार ग्रामीण अपने मक्के की फसल की रखवाली करने दो खाटों पर सोए थे। अचानक हाथी की चिंघाड़ सुनकर ग्रामीणों की नींद खुली तो सामने से दंतैल को ⏭ शेष पेज 4 पर



मृतक की पत्नी को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### आपसी समन्वय के बावजूद नहीं रूक रही मौतें

दंतैल के उत्पात एवं लगातार हो रही मौतों से वन विभाग की जमकर आलोचना हो रही है। दंतैल के हमले में ग्रामीणों की लगातार मौतों से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर एक-दूसरे को दंतैल के गतिविधियों की जानकारी दे रहे हैं तथा दंतैल की लगातार निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सूचना देकर जागरूक भी कर रहे हैं इसके बावजूद विभाग हाथी के हमले में ग्रामीणों की मौत की घटनाओं को रोकने में असफल हो रहा है। गेम रेंजर अजय सोनी ने बताया बीती रात वन अमले के साथ वे स्वयं दंतैल की ट्रेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पूरा अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को फोन कर दंतैल की मौजूदगी की सूचना देकर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे थे। मृतक एवं उसके साथियों को भी जंगल में दंतैल के उपस्थित होने की जानकारी थी। वे स्वयं भी देर रात तक ग्रामीणों को फोन कर जंगल में हाथी के मौजूद होने की सूचना दिए थे। जंगल से दूर मैदानी क्षेत्र के मक्का बाड़ी में उन्हें दंतैल के पहुंचने का अंदाजा नहीं था। बुधवार को शंकरगढ़ स्थित जिगड़ी जंगल में हाथी के हमले में मृत महिला के पुत्र को भी वनकर्मियों ने जंगल में हाथी के मौजूद होने की सूचना रात में ही थी लेकिन वह अपने माता-पिता को ही जंगल जाने से नहीं रोक सका।

### इन गांवों में मौतें

अकेले घूम रहे दंतैल ने सोमवार की शाम वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम फुलवार में गेंहू की फसल काट रहे दम्पत्ति को पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस दौरान शोर मचाने पर दंतैल ने उस्मीना अंसारी को पटक कर उसका हाथ शरीर से अलग कर दिया था। इलाज के दौरान मध्यरात्रि में उसकी मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल पति अभी भी जीवन-मौत से जूझ रहा है। दूसरे दिन तड़के दंतैल ने ग्राम रामपुर में महुआ बीन रहे संभागायुक्त कार्यालय के प्यून दुर्गा प्रसाद की पटककर जान ले ली थी। बुधवार को दंतैल ने जिगड़ी जंगल में महुआ बीन रही ग्राम जातार निवासी गिद्धी कोरवा को कुचलकर मार डाला था। गुरूवार को दंतैल ने फसल की रखवाली कर रहे ग्राम घुघरा निवासी दिनेश पोया की पटक कर जान ले ली। दंतैल अभी भी घघरा जंगल में मौजूद है।

### की जा रही मॉनिटरिंग

वन अमला लगातार दंतैल की मॉनिटरिंग कर रहा है साथ ही विभिन्न माध्यमों से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है। मृतक को भी दंतैल की मौजूदगी की सूचना थी। मृतक की पत्नी को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-बीएस भगत
अधीक्षक, सेमरसोत अभ्यारण्य

# शराब दुकान में डकैती का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तीन साल से चल रहे थे फरार, देशी पिस्तौल और बाइक जब्त, वाड्रफनगर में हुई थी घटना



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कट्टा।

शराब दुकान में डकैती का प्रयास और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बलरामपुर जिले के बसंतपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से देशी पिस्टल बरामद किया है। वहीं इस घटना में दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बता दें कि 8 मार्च 2022 की रात वाड्रफनगर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में हथियार के दम पर डकैती का प्रयास किया गया था। आरोपियों ने पेशी पिस्टल, चाकू व अन्य हथियार के साथ छह लोगों ने कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के साथ ही डकैती के प्रयास किया था। इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने रुस्तम और सलामुद्दीन नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से चाकू और देशी पिस्तौल बरामद कर जेल भेज दिया था जबकि घटना में शामिल 4 अन्य आरोपी फरार थे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर ने लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश के बाद थाना बसंतपुर और वाड्रफनगर चौकी की पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 2 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के विंढमगंज से आरोपी पुलाव उर्फ अहमद उर्फ राजा बाबू जबकि एक अन्य आरोपी को वाड्रफनगर से राजू उर्फ सैफुल्लाह को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक देशों पिस्तौल और बाइक बरामद करने के साथ ही आरोपियों को भादवि की धारा 294, 506, 323, 336, 307, 395, 511, 120(बी) व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष दो अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

### शेष आरोपी भी होंगे गिरफ्तार

तीन साल पहले वाड्रफनगर स्थित शराब दुकान में हथियार के बल पर लूट डकैती का प्रयास किया गया था और कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी। इस मामले में पहले से दो आरोपी गिरफ्तार थे जबकि शेष की तलाश की जा रही थी। लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। टीम ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त एक पिस्तौल और बाइक बरामद किया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

-वैभव बैंकर
एसपी बलरामपुर

## जहरीले जंतु के काटने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर**। सनावल थाना अंतर्गत ग्राम पंचावल निवासी ललिता पंडो आ. सोमारू पंडो (16 वर्ष) 30 मार्च की रात भोजन करने के पश्चात घर के अलग कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। युवती सुबह उठी और परिजन को बताई कि देर रात उसके दाहिने पैर में जहरीले जंतु ने काट लिया जिससे सूजन हो गई। परिजन युवती को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कट्टा व तलवार के दम पर लूटकांड में शामिल तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- पूर्व में गिरफ्तार हो चुके है दो आरोपी, लूट के सोने से खरीदा गया वाहन भी जब्त

कट्टा व तलवार के बल पर घर में घुसकर 13 लाख रूपए की लूट के मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी से लूट की रकम से खरीदे गए मारुती वैन, सोने चांदी के जेवर बरामद किया है।

सीतापुर पुलिस के अनुसार 27 फरवरी की रात 1.30 बजे नवापारा निवासी राधेश्याम गुप्ता के घर तीन नकाबपोश व्यक्तियों ने कट्टा, तलवार के दम पर जान से मारने की धमकी देकर सोने चांदी के जेवर व नगदी समेत 13 लाख रूपए की लूट को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस में पुलिस ने शिवा उर्फ डेविड एक्का व लखन उरांव को गिरफ्तार किया था जबकि तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जशपुर जिले के कांसाबेल अंतर्गत एतवाटोली घोघर निवासी 40 वर्षीय चक्कू उर्फ तीरंदाज टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर दिया। आरोपी ने अपने साथियों शिवा उर्फ डेविड और लखन उरांव के साथ मिलकर लूट की। लूट के बाद आरोपी ने लूटपाट में मिले सोना-चांदी को बेचकर एक मारुती वैन क्रमांक सीजी 04 एचबी 6809 खरीदने की बात कही। पुलिस ने आरोपी से लूट की रकम से खरीदे गए वैन, 1 नग चांदी का कटोरी, 1 नग सोने का अंगुठी बरामद किया गया। इसके साथ ही लूटपाट की अंगूठी के खरीददार रिशु सोनी को भी बीएनएस की धारा के तहत नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही आरोपी चक्कू उर्फ तीरंदाज को बीएनएस की धारा 331(2), 309(4), 254, 317(2) एवं 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, उनि रघुराम भगत, राजेंद्र सिंह, सायबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, सउनि अजीत मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, भोजराज पासवान, आरक्षक मनोहर पैकरा, परमित भगत अशोक यादव, मनीष सिंह, विरेन्द्र पैकरा, लालदेव साय, रमेश राजवाड़े, जितेश साहू, संजीव चौबे, सतेन्द्र दुबे, राहुल सिंह, आरक्षक अमित विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, दीपक पाण्डेय, जोगी बड़ा सक्रिय रहे।



# दुर्घटना के बाद मारपीट मामले में मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अन्य दो आरोपियों की चल रही है तलाश, उदयपुर क्षेत्र से पकड़ा गया आरोपी

थार और कार दुर्घटना के बाद ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला और मारपीट करने के मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। घटना के बाद फरार चल रहे मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश अब भी जारी है।

बता दें कि 28 मार्च की रात शिवधारी कालोनी के समीप मोड़ पर थार वाहन और कार के भिडंत हो गई थी। कार सवार शिवधारी कालोनी अपने घर जा रहा था जबकि थार चालक सूरजपुर निवासी ट्रांसपोर्टर संजय सिंह रामानुजगंज नाका की ओर जा रहा था। इस टक्कर के बाद कार सवार वसीम कुरैशी, मोनू कुरैशी व अन्य लोगों ने थार चालक की बेदम पिटाई कर दी। जानलेवा हमले में संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना में मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जिलेभर में आक्रोश का माहौल है और घेराव व धरना प्रदर्शन क्षत्रिय समाज के साथ ही हिन्दू संगठनों द्वारा किया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा 2 अप्रैल को अनुराग राजवाड़े उर्फ गोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद उदयपुर क्षेत्र से शिवधारी कालोनी निवासी37 वर्षीय वसीम कुरैशी आ. अब्दुल रशीद कुरैशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने भाई मोनू कुरैशी व अनुराग राजवाड़े, आयुष दास के साथ मिलकर थार चालक संजय सिंह के साथ सड़क दुर्घटना के बाद मारपीट व जानलेवा हमला करे की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी वसीम कुरैशी को बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि मोनू कुरैशी और आयुष दास की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर उनि रश्मि राज सिंह, साइबर सेल प्रभारी उनि शिशिरकान्त सिंह, उनि नवल दुबे, सउनि अजीत मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक संजीव चौबे, सत्येंद्र दुबे, मनीष सिंह, अमित विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, राहुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, बृजेश राय, अतुल सिंह, ऋषभ सिंह, मोती, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।






## खबर संक्षेप

### निर्दलीय पार्षद ने वार्ड में कराए गए पांच वर्षों के कार्यों की मांगी जानकारी

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 10 की निर्दलीय पार्षद ने सीएमओ को ज्ञापन देकर वार्ड में जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक की पार्षद निधि की जानकारी मांगी है। नगर पंचायत बिश्रामपुर सीएमओ को दिए ज्ञापन में वार्ड नंबर 10 की निर्दलीय पार्षद नीलम कुमारी मिश्रा द्वारा उल्लेख किया गया है कि उक्त तिथि में वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद निधि में छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त राशि के अलावा वार्ड में जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक पार्षद निधि से कराए गए कार्यों व खर्च राशि एवं शेष बची राशि की जानकारी की मांग की गई है। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 10 में वर्ष 2019-2020 में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अंशुल बजेठा ने पार्षद पद पर जीत हासिल की थी और करीब डेढ़ वर्ष बाद ही नगर पंचायत क्षेत्र को छोड़कर अपने गृहग्राम उत्तराखंड में परिवार सहित चले गये हैं। ऐसी स्थिति में लंबे अरसे तक उक्त वार्ड पार्षद विहीन ही रह गया था।

### चोरी की बोलेरो से घूम रहा था युवक] पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बोलेरो वाहन चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की बोलेरो को भी बरामद करने में सफलता पाई है। लखनपुर पुलिस के अनुसार भरतपुर चौक निवासी शिव भरोस राजवाड़े 8 मार्च को अपनी बोलेरो प्लस वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 3979 को घर के सामने खड़ी कर अंदर सोने चला गया। इस दौरान भोर में 4 बजे जब वह बाहर निकला तो उसकी बोलेरो वाहन चोरी हो गई थी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक लखनपुर पेट्रोल पम्प के पास चोरी की गई बोलेरो को लेकर आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध जशपुर जिले के लोदाम टांगरटोली निवासी अजहर खान उर्फ अजहरुद्दीन आ. इस्लाम मिरदहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से बोलेरो वाहन को बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 303(2),111, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रवीण चंद तिवारी, पन्ना लाल, रवि सिंह, आरक्षक संजीव चौबे, सत्येंद्र दुबे, चित्रसेन प्रधान, श्याम सुन्दर सक्रिय रहे।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार देवीगंज रोड निवासी दिनेश कुमार केशरी 1 अप्रैल को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 9593 से होटल द हिल पैलेस गया था और बाइक को बाहर खड़ी कर अन्दर चला गया। युवक जब बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी ऐसे में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। घटना की जांच व व मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मिशन चौक निवासी 22 वर्षीय सुजीत कुमार सारथी आ. जीतु राम सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बाइक चोरी करने और श्री राम मंदिर के पीछे गली में छिपाने की बात कही। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बाइक को बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सदरक लकड़ा, छत्रपाल सिंह, आरक्षक नितिन सिन्हा, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 6 अप्रैल रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का




आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

## 9 लाख 50 हजार कीमत के 38 किलो गांजा सहित वाहन जब्त

# गांजा तस्करी कर रहे इनोवा सवार दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- ओड़िसा से गांजा लाकर कर रहे थे ग्राहक की तलाश

दिगर राज्यों से जिले सहित अन्य जिलों में बड़े पैमाने पर गांजा खपाने का कार्य चल रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा लगातार न सिर्फ कार्रवाई कर रही है बल्कि अवैध गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। आज कोतवाली पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा से जिले में गांजा लेकर जा रहे कार सवार दो युवको को पकड़ा बल्कि उसके पास से 9 लाख कीमत की 38 किलो गांजा जब्त किया। पुलिस ने कार समेत गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इनोवा कार से बड़ी मात्रा में गांजा लेकर शहर आ रहे है। सूचना पर पुलिस ने प्रतीक्षा बस स्टैंड सहित आसपास क्षेत्र में गश्त बढा दी। इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने गौरवपथ बिरयानी हाउस गली में सफ़ेद रंग के इन्नोवा कार क्रमांक सीजी/16 सीएल/1858 को संदिग्ध हालत में देख सवार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत बुलगा खालपारा निवासी दीपक पैकरा आ. तुलसी प्रसाद पैकरा (20 वर्ष) व राजपुर थाना अंतर्गत बरियो क्षेत्र के ग्राम बघीमा गौटियापारा निवासी शिव चरण शांडिल्य आ. देवनारायण शांडिल्य (25 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ की तो दोनों पुलिस को गुमराह करने लगे। युवकों के गोलमोल जवाब देने पर पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। वाहन की डिक्की में दो बोरियों मे भरकर रखें 9 लाख 50 हजार कीमत के 38 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने वाहन समेत गांजा को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(सी) एनडीपीएस. एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपियों कों न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक विवेक राय, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, दीपक दास, नितिन सिन्हा, रमन मण्डल, बिनोद केरकेट्टा सक्रिय थे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कार।

**उड़ीसा से लाया था गांजा**

पुलिस के पूछताछ में गांजा तस्करी कर रहे आरोपियों ने बताया कि गांजा उड़ीसा लेकर आए थे जिसे जिले सहित अन्य क्षेत्रों में खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक गांजा की बाजार मूल्य 9 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई है और मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**सक्रिय हुए गांजा तस्कर**

शहर में एक बार फिर गांजा तस्कर सक्रिय हो गए है। पिछले वर्ष कोतवाली व प्रतीक्षा बस स्टैंड के पुलिस कर्मियों द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए गौरव पथ से कई आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने से गौरवपथ में गांजा का कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगा था लेकिन अब पुनः गांजा तस्कर गौरव पथ के आसपास सक्रिय हो गए है।

**आरोपियों से की जा रही पूछताछ**

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा है। दोनों युवक इनोवा कार से गांजा उड़ीसा से लाकर खपाने की तैयारी में थे। 38 किलो गांजा जब्त किया गया है। गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

-योगेश पटेल, पुलिस अधीक्षक



## उत्कल दिवस पर जगन्नाथ मंदिर में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल में उत्कल दिवस पर जगन्नाथ मंदिर में समाज के लोगों ने विविध कार्यक्रम आयोजित किए। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा राज्य का गठन हुआ था, जिससे उक्त दिवस को उत्कल समाज के लोग उड़ीसा राज्य सहित तमाम राज्यों एवं अपने-अपने क्षेत्र में धूमधाम के साथ कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

इसी कड़ी में उत्कल समाज विश्रामपुर द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिलाओं का गायन, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ आदिकांत कन्हैया स्वाई, गोविंद स्वाई, शीतिकांत स्वाई, सुरेशन स्वाई एवं दीप्ति स्वाई, संगीता पांडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही समाज के कुमदा कालोनी निवासी जयराम सेठी के पुत्र के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में बिश्रामपुर के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश यादव शामिल हुए।उन्होंने कहा कि जब समाज इसी प्रकार एकजुट होता है, तो समाज के साथ-साथ क्षेत्र एवं देश का भी विकास होता है और उत्कल समाज ने बहुत अल्प समय में अपना मुख्य स्थान क्षेत्र में हासिल कर लिया है जो काफी गौरव का विषय है। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के सेवानिवृत्त कालरी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया और उड़ीसा राज्य से पहुंचे प्रशांत बिस्वाल जो कारगिल युद्ध के दौरान सूबेदार के पद पर पदस्थ थे, उनकी उपस्थिति के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें भी स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सचिव प्रभाकर स्वाई एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष विशाल स्वाई द्वारा किया गया।

साथ ही आगामी 27 जून को होने वाले रथ यात्रा के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा गया कि इस वर्ष भी समाज सहित अन्य समाज और क्षेत्र के लोगों को हर बार की तरह जोड़कर भव्य रूप से रथ यात्रा को संपन्न करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलंकार नायक, प्रदीप त्रिपाठी, संजय पंडा, निराकार नायक, अक्षय साहू, राजेंद्र प्रधान, संतोष सेठी, विद्याधर साहू, त्रिनाथ देउरी व अन्य सक्रिय रहे।

### रामनवमी के उपलक्ष्य में बाइक रैली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामनवमी के उपलक्ष्य में ग्राम इंद्रपुर करवानिया घुटरा शिव मंदिर से बाइक रैली शुक्रवार को 12 बजे से प्रारम्भ होगा।



लोधा के विश्वकर्मा चौक स्थित महावीर मंदिर के पास सरपंच श्रीमती तारोईया भगवान सिंह द्वारा स्वागत किया जाएगा। रैली धरमी होते हुए परसाखाड़ पहुंचेगी जहां सभी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ लोग वहां उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। ढोणही मरमा महुआ पेड़ के पास बैगा देवार द्वारा स्वागत एवं नवाडीह से मरमा मोड़ होते हुए बनापती में स्वागत के बाद शिव मंदिर में सभा स्थल पहुंचेगी।

## पार्षद निधि की शर्तों को हटाने को लेकर पार्षदों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** पार्षद निधि के नियम एवं शर्त हटाए जाने की मांग को लेकर आज गुरूवार को नपं बिश्रामपुर के पार्षदों ने प्रेमनगर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी को दिए ज्ञापन में नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्षदों ने उल्लेख किया है कि पार्षद निधि जिसका उपयोग छोटे स्तर के कार्यों के लिए जो सभी पार्षद वार्डों के पार्षद निधि द्वारा कार्य कराते हैं। साथ ही वार्ड के आवश्यकतानुसार एवं वार्डवासियों के मांग पर खर्च करने हेतु कई बार बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में पार्षद निधि की राशि व्यय करने लागू नियम एवं शर्तों को हटा दिया जाना उचित होगा ताकि वार्ड पार्षद वार्डों में स्वतंत्र रूप से कार्य करा सकें। अगर नियम एवं शर्त हटा देते हैं तो वार्डवासियों की छोटी से छोटी समस्या का समाधान वार्ड पार्षद तत्काल करा सकें और अपने वार्डों में समय से कार्य कर सकते हैं।कई बार छोटे-छोटे कार्यों के लिए पार्षदों को सीएमओ और अध्यक्षों के पास काफी निवेदन करना पड़ता है, जिस कारणवश कई पार्षदों का कार्य समय से नहीं हो पाता है। प्रेमनगर विधायक से पार्षदों द्वारा पार्षद निधि को बिना नियम शर्तों के बिना कार्य करने की अनुमति दिलाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान समेत पार्षद रविशंकर बउवा, अमरेश प्रसाद, रामजीत यादव पिंटू, संजीत यादव, श्रीमती मालती तिग्गा, श्रीमती शकुन्तला सोनी, श्रीमती अर्चना लकड़ा, रविन्द्र विश्वकर्मा, राहुल खातरकर, श्रीमती देवकी देवी, श्रीमती नीलम मिश्रा, श्रीमती माधुरी मण्डल, श्रीमती लक्ष्मीन बाई, लथमीन यादव, विनोद सरवटे व अन्य उपस्थित थे।



## कुदरगढ़ महोत्सव : भक्ति और विकास का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कुदरगढ़ महोत्सव, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज से तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव 2 से 4 अप्रैल तक चलेगा, जिसकी शुरुआत माँ बागेश्वरी कुदरगढ़ी माता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े रहीं।

महोत्सव के तहत जिले में वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों ने भक्ति पूर्ण वातावरण में शानदार भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव के दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले में प्रगतिरत विभिन्न योजनाओं पर आधारित समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जल संसाधन विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि माँ कुदरगढ़ी माता की महिमा जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैली हुई है। इस महोत्सव ने जिले को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं के लिए अपार आस्था एवं उत्साह का संचार किया। उन्होंने विधायक निधि से कुदरगढ़ माता के भव्य प्रवेश द्वार के विकास हेतु 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने धाम में सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। पूर्व गृह मंत्री एवं कुदरगढ़ न्यास समिति के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने बताया कि पूर्व में भी जन-सहयोग से मंदिर क्षेत्र का विकास हुआ है और भविष्य में भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी। श्री पैकरा ने कुदरगढ़ धाम की मान्यता, ऐतिहासिक महत्व और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों तथा कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अपने संबोधन में माँ कुदरगढ़ी के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि माता का आशीर्वाद पूरे जिले के विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।

उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि के पंचमी, षष्ठी एवं सप्तमी के 3 दिनों में जिला प्रशासन एवं ट्रस्ट के सहयोग से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष ओड़गी इंद्रमणि पैकरा, मुरली मनोहर सोनी, भुवन भास्कर प्रताप सिंह, ठाकुर रजवाड़े, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, डीएफओ पंकज कमल, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## हसदेव क्षेत्र में रोपे गए 4 लाख पौधों से तैयार किया गया 1200 एकड़ का नया जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आने वाले तीन वर्षों में 10 लाख से ज्यादा पौधे रोपने को है प्रतिबद्ध

आरआरवीयूएनएल के एमडीओ एजेंट के बागवानी विभाग द्वारा खनन के बाद रिक्लेमेशन जमीन में गत वर्ष में चार लाख पौधे रोपे हैं। जिसे मिलाकर अब तक कुल 15.68 लाख पेड़ों का नया जंगल तैयार कर लिया है। कुल 1200 एकड़ के इस जंगल में साल के पौधों की नर्सरी के साथ साथ पिछले 12 वर्षों में अब तक एक लाख से ज्यादा साल के पेड़ों ने लगभग 20 से 30 फुट ऊंचाई के वृक्षों की शक्ल ले चुके है। वहीं मिश्रित प्लांटेशन में महुआ, खैर, बरगद, बीजा, हर्रा, बहेरा इत्यादि प्रजाति के वृक्ष शामिल हैं।

आरआरवीयूएनएल की खदान परसा ईस्ट केते बासेन खदान जिले के उदयपुर तहसील में है। इसके खनन का कार्य वर्ष 2012 में शुरू हुआ इसके लिए वन विभाग द्वारा जंगलों में अपने लक्ष्य के अनुसार कुछ पेड़ों का विदोहन किया जाता है। जबकि विभाग ने संभाग में अब तक 51 लाख से ज्यादा वृक्ष लगाए गए हैं। पीईकेबी खदान में 2012 में 200 से शुरू होकर 2025 में 4 लाख के करीब पहुंच चुका है। साल सहित कुल 45 तरह की प्रजातियों जिनमें, खैर, बीजा, हर्रा, बहेरा, बरगद, सागौन, महुआ के साथ-साथ कई फलदार वृक्ष जैसे आम, अमरूद, कटहल, पपीता इत्यादि के तैयार किए गए पौधों को लगाया गया। नर्सरी में विकसित इन पौधों का रोपण कर सिंचाई के लिए हर एक पौधों में ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से पानी देकर बड़ा किया गया। जो अब एक पूर्ण विकसित जंगल का रूप लेता जा रहा है। आज ये सभी पौधे काफी ऊंचे पेड़ बन चुके हैं जिससे इस क्षेत्र की जैव विविधता अब वापस लौटने लगी है। इस जंगल में अब कई तरह के पक्षी अपना घोंसला बनाकर रहने लगे हैं। वहीं जंगली जानवरों में बंदर, नेवला और भालू को भी देखा गया है।



## कहा-लाखों आदिवासियों पर मंडरा रहा बेदखली का खतरा

# जंगलों के रक्षक को हटाना, कॉर्पोरेट लूट को खुला निमंत्रण : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री व आदिवासी नेता अमरजीत भगत ने कहा है कि 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में उस याचिका पर सुनवाई हो रही है जिससे देश के लगभग 17 लाख से अधिक आदिवासी और वनवासी परिवारों के अस्तित्व पर संकट आ सकता है। यह याचिका वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत दर्ज दावों को खारिज करने की वैधता को लेकर है।

जो लोग सदियों से जंगल की रक्षा करते आए हैं, वही आज कोर्ट में कटघरे में खड़े हैं। भारत के 80 प्रतिशत जंगल आज भी बचे हैं तो वह आदिवासी समुदाय की वजह से। अगर आज उन्हें हटाया गया, तो कल वही जंगल बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हवाले कर दिए जाएंगे जो खनन और दोहन के लिए तैयार बैठे हैं। पूर्व मंत्री श्री भगत ने उक्त बातें बुधवार को अपने अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल को केन्द्रीय वन अधिनियम 2006 की वैधता पर एक महत्वपूर्ण सुनवाई उच्चतम न्यायालय में होने जा रही है। इस निर्णय से वनवासियों और अन्य परम्परागत लोगों का भविष्य जुड़ा हुआ है। अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति व परमपरागत लोगों को वन अधिकार पत्र देने की व्यवस्था की गई और कानून बनाया गया था जिसके तहत लोगों को व्यवस्थापन दिया जा रहा था। कुछ संगठनों ने इसके खिलाफ मामला दायर किया था और छग की तत्कालीन कांग्रेस सरकार से पूर्व सीएम भूपेश बघेल और हमने पिटीशन लगाकर इसपर रोक लगाने का आग्रह किया था। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों की सरकार और मंत्रिमंडल ने भी पिटिशनर बनकर वन अधिकार पत्र में जो रोक लगाया था था उसे हटाने आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि 2019 में एक आदेश पारित किया गया कि 2017 के बाद जो भी प्रकरण आए है उन्हें अतिक्रमण घोषित किया जाए। देश में विरोध प्रदर्शन के बाद रोक लगाया गया था। इसपर समीक्षा करने का निर्देश सभी राज्य सरकारों को दिया गया। पुनः 2020 वाइल्ड लाइफ फर्स्ट संस्था ने पूरे वन अधिकार कानून को समाप्त करने का उच्चतम न्यायालय में केस दायर किया जिससे एफआरए कानून से देशभर में 17 लाख लोगों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वन अधिकार अधिनियम को उसके मूल भावना में समझा जाए और जिनके दावे खारिज हुए हैं, उन्हें निष्पक्ष मौका और समीक्षा दी जाए।



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व मंत्री अमरजीत भगत।

**ध्यान भटकाने सरकार कर रही कार्रवाई**

भूपेश बघेल पर अपराध दर्ज किए जाने के मामले में पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि जहां भाजपा की सरकार है वहां एसी कार्रवाई देखी जा रही है। जो सरकार के खिलाफ बोलता है उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। भूपेश बघेल मुखर नेता है, मुख्यमंत्री रहे और छग की आवाज को दमदारी केसाथ रखते है। यह कार्रवाई उसी का एक हिस्सा दिखता है। अब पार्टी हाईकमान और संगठन जो भी तय करेगा उसके आधार पर लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है और इससे ध्यान भटकाने के लिए भी इस तरह की कार्रवाई कर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। राजधानी से लेकर सरगुजा के जिलों में अनेकों घटनाएं हो रही है और न्याय मांगने वालों पर ही कार्रवाई कर दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भगवान राम की विशाल शोभायात्रा 5 को

**उदयपुर।** रामनवमी पर्व एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में युवा मित्र मंडली द्वारा चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर आयोजित राम की विशाल भव्य शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण किया जाएगा। विशाल शोभा यात्रा में रामजी की झांकी उदयपुर राधा कृष्ण नृत्य सोनभद्र के कलाकारों द्वारा और बाहुबली हनुमान की झांकी जबलपुर के कलाकारों द्वारा एवं महाकाल की झांकी सोनभद्र एवं गंगा आरती बनारस के कलाकारों द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में शोभा यात्रा के पश्चात शाम 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा मित्र मंडली एवं समस्त ग्राम वासियों को भव्य शोभायात्रा में शामिल होने आमंत्रित किया है।

### पटवारी से त्रस्त ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई की मांग



**प्रतापपुर।** पटवारी के रिश्वतखोरी, और कमीशन खोरी से त्रस्त होकर ग्राम बरबसपुर गांव सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा। साथ की मामले की जांच कराकर पटवारी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हल्का नंबर 27 के पटवारी सरस्वती प्रजापति द्वारा ग्रामीणों से अनाप-शनाप रुपए की मांग की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 हजार से 10 हजार तक रिश्वतखोरी की रकम मांगी जाती है तथा अपने हल्का में भी नहीं रहते। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं को झूठे केसों में फसाने की धमकी दी जाती है। ग्राम पंचायत बरबसपुर सहित अन्य पंचायत के ग्रामीणों ने मामले की जांच कर पटवारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही प्रतापपुर तहसील कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो का छापा मार कर वही किया गया था जिसमें रिश्वत लेते रंगे हाथ बाबू एवं पटवारी पकड़े गए थे। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि तहसील कार्यालय में किस तरह का रिश्वतखोरी हो रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच सुशीता, ग्राम पंचायत करसी सरपंच हंस कुमारी, भाजयुमो उपाध्यक्ष निलेश जायसवाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### सेदोपारा कपसरा की टीम ने फाइनल में बनाई जगह

**प्रतापपुर।** स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 3 स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया है। सीजन 3 का पहला सेमीफाइनल मैच बलरामपुर वर्सेस संेदोपारा कपसरा के बीच खेला गया जिसमें संेदोपारा की टीम ने 4-0 से जीत हासिल कर पहले फाइनल में जगह बनाई। निर्णायक की भूमिका में मनोज जायसवाल और झंडी मेन अरविंद कश्यप और दिनेश यादव और साथ में कॉमेंटेटर अक्षय गुप्ता आशु ने निभाई। इस दौरान फुटबॉल समिति के अध्यक्ष मोहन पांडे, दीनानाथ गुप्ता, मानती योगेंद्र सिंह, जितेंद्र कश्यप, विजय ठाकुर, रहीम खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### कार को टक्कर मार निर्माणाधीन मकान में घुसी बस, बाल-बाल बचे लोग



**रामानुजनगर।** सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब शराबी चालक ने घर के सामने खड़ी कार को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गया। सुबह का समय और लोगों के नहीं होने के कारण किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से रामानुजनगर तक चलने वाली सिटी बस हर रोज की भांति आज सुबह निर्धारित समय पर निकली थी। जैसे ही चालक बस लेकर शिवपुर के पास पहुंची तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन आम के पेड़ और कुछ दूर पर खड़ी कार को ठोकर मारते हुए निर्माणाधीन घर में जा घुसी। बस इतनी रफ्तार था की बस की टक्कर से कार के परखच्चे उखड़ गया है। बताया जा रहा है चालक नशे में धुत था जिससे दुर्घटना हुई। गनीमत था कि न तो बस में सवारी थे न ही खड़ी कार में कोई सवार था। जिससे किसी प्रकार की जान माल का कोई हानि नहीं हुआ।

## पेज 1 के शेष...

### बलरामपुर में दंतैल ने...

आते देखा। दंतैल को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान आनन-फानन में तीन ग्रामीण भागकर पास के गड्ढे में कूद गए जबकि दिनेश पोया पिता महेन्द्र पोया (38वर्ष) अपने मक्के के खेत में छिपने के लिए भागने लगा। वह 10 फीट की दूरी पर ही पहुंचा था कि दंतैल ने दौड़ते हुए अपनी सूंड में उसे जकड़ लिया तथा पटक कर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं गड्ढे में कूदने के दौरान रामकरण पिता बिरजू गोड़ (40वर्ष) व रोहित पिता प्रेमसाय नागवंशी (28वर्ष) गंभीर रूप से धायल हो गए। दंतैल ने ग्रामीणों की खाट को भी तोड़ दिया है। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने पीएम कराने के बाद मृतक की पत्नी राजमुनी को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।

## प्रतिवर्ष व्रतियों की संख्या में हो रही वृद्धि, विधि विधान से की पूजा-अर्चना

# सूर्योपासना के महापर्व चैत्र छठ के मौके पर व्रतियों ने दिया अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य



दण्डवत करती छठघाट जाती व्रती महिला।



शंकर घाट में अर्घ्य देती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूर्योपासना के महापर्व चैत्र छठ के मौके पर छठ घाटों पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट, घुनघुट्टा बांध के खर्रा नदी के तट पर व अन्य घाटों में लोगों ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। बड़ी बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में चैत्र छठ करने वालो की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है और कार्तिक छठ पर्व की तरह ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु चैत्र छठ करने के लिए पहुंचे।

**खास बात**

- आज देंगे उगते सूर्य को अर्घ्य

बता दें कि देवी की उपासना के पर्व चैत्र नवरात्र के दौरान ही चैत्र छठ का पर्व भी मानाया जाता है। गर्मी का मौसम में होने के कारण इस छठ पर्व को और भी कठिन माना जाता है लेकिन अब प्रतिवर्ष चैत्र छठ करने वालों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। सूर्योपासना के महापर्व चैत्र छठ को लेकर भक्तों द्वारा पहले से ही जोर शोर से तैयारियां की गई थी। मंगलवार को नहाय खाय के बाद बुधवार को व्रतियों ने छठ घाट पहुंचकर घाट बंधान की प्रक्रिया पूर्ण की। इसके बाद खीर भोजन के बाद कठिन व्रत की शुरुआत हुई। गुरुवार को हजारों की संख्या में व्रती व श्रद्धालु शंकरघाट स्थित छठ घाट पहुंचे थे। इस दौरान कई व्रती बैंड बाजे के साथ पहुंचे तो कुछ पैदल ही चलकर पहुंचे थे। व

रतियों ने स्नान के बाद अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान शंकर घाट स्थित छठ घाट में समिति द्वारा व्यापक पैमाने पर साफ सफाई व रोशनी की व्यवस्था की गई थी। व्रती शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चैत्र छठ का समापन करेंगे। शंकरघाट में समिति के अध्यक्ष व पार्षद विजय सोनी व अन्य सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पूजन सामग्रियों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान संजीव मंदिलवार, पप्पू ठाकुर, राधे कुशवाहा, कृष्णा, बबलू कुशवाहा, सन्नी कुशवाहा, पृथ्वीराज ठाकुर, विक्रम ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



छठ घाठ पर श्रद्धालुओं की भीड़।

### कोयलांचल में चैती छठ पर श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**बिश्रामपुर।** चार दिवसीय लोक आस्था के चैती छठ महापर्व तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ का समापन होगा। यह व्रत संतान की लंबी उम्र व मंगलकामना के लिए माताएं करती हैं।इस व्रत को करने से परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी आयु और निरोगी जीवन की प्राप्ति होती है। यह व्रत जीवन में संयम, शुद्धता, और आत्म-नियंत्रण की भावना को जागृत करता है। उन्होंने बताया कि संध्या अर्घ्य गुरुवार को शाम 6.40 बजे किया गया और अगले दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य सुबह 6.08 बजे दिया जाएगा। चैती छठ के तीसरे दिन गुरुवार को गायत्री मंदिर प्रांगण समेत अन्य छठ घाटों पर छठव्रत करने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे।



### घुनघुट्टा नदी के तट पर भी दिया गया अर्घ्य

चैत्र छठ को लेकर शंकरघाट के अतिरिक्त नगर के घुनघुट्टा नदी तट पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। गुरुवार को बड़ी संख्या में व्रती चैत्र छठ के लिए घुनघुट्टा पहुंचे थे। घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति करजी-सोहगा इस वर्ष पहली बार चैत छठ पर्व के लिये घुनघुट्टा नदी के तट पर श्रद्धालुओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। महापर्व छठ में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस दौरान समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता, अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, संजू कश्यप, उत्तम राजवाड़े, नारद गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, प्रकाश सोनी, राकेश सोनी ने छठ ब्रती माताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ी श्रद्धालुओं भीड़





**रामानुजगंज।** सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के आज तीसरे दिन व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नगर के राम मंदिर घाट कनहर नदी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के निर्देश पर व्यापक व्यवस्था की गई थी। वही उगते सूर्य को अर्घ्य दे पर्व की समाप्ति होगी। छठ घाट में मत्था टेकने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल पत्नी शिप्रा अग्रवाल उपाध्यक्ष शीला जायसवाल सहित अन्य पार्षद के साथ छठ घाट में मत्था टेकने पहुंचे। नगर में चैती छठ की रौनक देखते बनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा छठ व्रत किया गया था। राम मंदिर घाट में आज श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रामानुजगंज सहित आसपास गांव एवं दूसरे प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर यहां छठ पर्व किया। छठ पर्व को लेकर कई दिन पूर्व से तैयारी की गई थी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल के निर्देश पर नगर के सभी छठ घाटों की साफ सफाई के साथ साथ राम मंदिर में विशेष रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था की गई थी। नदी में जाने के लिए अस्थाई पुलिया का निर्माण लाइटिंग सहित अन्य प्रकार की व्यवस्था हुई थी। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल, राजेश सोनी, अजित गुप्ता, पार्षद सुरेश पूरी, सुमित गुप्ता, विजय रावत, अनूप कश्यप, अनोज यादव, जनपद सदस्य राजकुमार यादव, अंकित गुप्ता, राजेश अग्रवाल महेश अग्रवाल, सोनू चौबे, अजय केसरी, आनंद जायसवाल, ललन पासवान, मनी पासवान सहित रक्तदाता सेवा समिति के आनंद गुप्ता, सूर्य प्रताप कुशवाहा द्वारा छठ व्रतियों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



**प्रतापपुर।** नगर के सूर्य मंदिर एवं हनुमान मंदिर स्थित पक्की तालाब में आज चैती चैती छठ पर श्रद्धालुओं ने ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हवन पूजन के साथ महापर्व की समाप्ति होगी। चैती छठ के आयोजन में अब धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या में ऋण बढ़ती जा रही है। आज बड़ी संख्या में छठ घाट पर श्रद्धालु पहुंचे और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। प्रतापपुर क्षेत्र में चैती छठ का आयोजन धीरे-धीरे प्रचलित हो रहा है जहां आज छठ महापर्व से पूरा नगर भक्ति में दिखाई दिया और छठ गीतों से फिर से छठ जैसा माहौल देखने को मिला।

# बंदरों के हमले के बाद पैर फिसलने से 200 फीट गहरी खाई में गिरी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को परिवार के साथ रामगढ़ घूमने आई सात साल की बच्ची पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदर के हमले से डरी हुई बच्ची अचानक ही फिसलकर 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। बच्ची के नीचे गिरने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बड़ी बात यह है कि बच्ची को बचाने के लिए परिवार की महिलाओं ने अपनी साड़ी खोलकर रस्सी बनाई। इस दौरान लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। फिलहाल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- रामगढ़ में परिवार के साथ घूमने आई थी बच्ची, जान बचाने मां और महिलाओं ने रस्सी बनाने दी अपनी साड़ी

बताया जा रहा है कि प्रेमनगर विकासखंड के रघुनाथपुर निवासी 7 वर्षीया नाव्या साहू आ. मिथलेस साहू मां संतोषी साहू, रिश्तेदार रामबाई, यशोदा व अन्य लोगों के साथ गुरुवार की सुबह 10 बजे उदयपुर स्थित रामगढ़ पहुंची थी। परिवार के सदस्यों ने रामगढ़ में सीढ़ी चढ़कर राम मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद दोपहर लगभग 12.30 बजे सभी जानकी तालाब के आगे चन्दन कुंद से वापस जा रहे थे। इसी दौरान बंदरों ने हमला कर दिया। बंदर के हमले से बच्ची डरकर फिसल गई और फिसलते हुए लगभग 200 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गई। बच्ची के नीचे गिरने के बाद कोहराम मच गया। गनिमती रही कि बच्ची नीचे गिरते समय झाड़ियों में फंसकर रुक गई और एक स्थान पर बैठ गई। बच्ची के नीचे गिरने के बाद एक युवक सबसे पहले सामने आया। रामगढ़ के बैगा अशोक कुमार वरकड़े ने सबसे पहले रस्सी के सहारे खाई में उतरकर बच्ची को संभाला। इस दौरान च्ची को बचाने के लिए मां और साथ आई दो अन्य महिलाओं ने अपनी साड़ी उतारकर दे दी जिससे रस्सी बनाकर एक युवक पहले नीचे उतरा और बच्ची के पास पहुंच गया। इसके साथ ही बाद में अन्य युवक भी नीचे उतरे। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम बन सिंह नेताम, तहसीलदार कमलेश मिरी, थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, नायब तहसीलदार आकाश गौतम सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची को रेस्क्यू करने का अभियान शुरू किया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान ब खाई में नीचे उतरने का रास्ता नहीं होने के कारण रेस्क्यू अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पुलिस और वन विभाग की टीम ने रस्से और चैन-पुली की मदद से नव्या को सुरक्षित बाहर निकाला। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू सफल रहा। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में बच्ची का पैर टूट गया है और उसके सिर में भी चोट आई है। घटना के बाद बच्ची काफी डरी सहमी हुई है। रेस्क्यू टीम में एसआई आभास मिंज, अजय शर्मा, वन विभाग के साहिश कपूर, अमरनाथ रजवाड़े, समिति अध्यक्ष मंगल दास, विकास यादव, हिमाचल बंजारा, परमेश्वर दास, दीनानाथ यादव, मधु, शिवमंगल, कुंजल, सुबरन रजवाड़े, जावेद खान, अंकित यादव, हरपाल सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने मदद की।



घायल बच्ची।

### युवा मित्र मंडली ने पेश की मानवता की मिसाल

बच्ची की मां और अन्य महिलाओं ने अपनी साड़ियां उतार दी थीं, जिससे वे कम कपड़ों में रह गई थीं। इसे देखते हुए युवा मित्र मंडली के सदस्यों ने उन्हें तौलिया और साड़ी उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश की। इस दौरान गोविंदा, मनीष, हितेश और अन्य लोग मौजूद रहे।

### निकाल लिया गया है बच्ची को

बच्ची परिवार के सदस्यों के साथ रामगढ़ घूमने आई थी। बन्दर के हमले से डरकर बच्ची फिसल गई और खाई में गिर गई। इस दौरान मौके पर तीन महिलाओं ने अपनी साड़ी भी मदद के लिए दे दी जिससे रस्सी बनाकर नीचे उतरकर बच्ची को निकाला गया। बच्ची को सिर और पैर में चोट आई है। बच्ची का उपचार चल रहा है।

-कुमारी चंद्राकर
थाना प्रभारी उदयपुर

### जपं अंबिकापुर के सामान्य सभा की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत अंबिकापुर की सामान्य सभा की बैठक 4 अप्रैल को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे आयोजित की गई है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधितों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा है।

### अग्निवीर थलसेना भर्ती हेतु रजिस्ट्रेशन 10 तक

**अंबिकापुर।** उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना 12 मार्च को इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर जारी किया गया था। अग्निवीर थलसेना भर्ती हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक खुली रहेगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# पुलिस ने साइबर फ्रॉड म्यूल अकाउंट मामले में 2 अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस ने साइबर ठग म्यूल अकाउन्ट के नेटवर्क में शामिल आरोपियों को लगातार दबिश देकर गिरफ्तार करने में लगी हुई है। इस मामले में अब तक 8 लोगों को पकड़ा गया है जो साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड और मोबाईल सीम उपलब्ध कराकर उनकी मदद करते थे। पकड़े गए आरोपियों के खातों से 10 लाख 38 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक पैसा का लालच देकर साइबर म्यूल अकाउन्ट ठग लोगों का बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और मोबाईल सीम लेकर ठगी की रकम दूसरों के खातों में ट्रांसफर कर रकम आहरण कर धोखाधड़ी को अंजाम देने के मामले में कोतवाली में धारा 413, 420, 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया था और पूर्व में 6 आरोपी सौरभ साहू, अमन साहू, आनंद कुमार साहू, विशाल साहू, सूर्या सोनवानी व सूरज दिवान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण के अन्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस ने ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ एवं पाए गए तथ्यों के आधार पर आरोपी कोसिर थाना अंतर्गत अन्नडोला निवासी सतीश अजय आ. सेवक राम अजय (46 वर्ष) व अंजली अजय पति सतीश अजय (40 वर्ष) को जिला सारंगगढ़ को दबिश देकर पकड़ा गया है। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि साईबर फ्राड करने वाले व्यक्तियों को इनके द्वारा दिए गए अपने बैंक खाता, मोबाईल, एटीम के माध्यम से साइबर फ्राड द्वारा करीब 10 लाख रूपये ट्रांसफर कर आहरण किया है। बैंक खाता, एटीएम, मोबाइल सिम को 20-25 हजार रुपये लेकर सूरज दीवान को दिए जो उसने सौरभ साहू को दिया था जिसका साइबर ठग उपयोग कर रहे है। साइबर फ्राड गिरोह संचालित करने वाले अपराधियों को पैसा लेकर सायबर फ्रॉड अपराध में पैसों का लेनदेन करने के लिए दिए जाने पाए जाने पर दोनों को गिरफ्तार कर बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे व एएसआई संजय सिंह व पुलिस टीम सक्रिय रही।



online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411